चीन द्वारा सेवानिवृत्ति आयु में वृद्धि

[स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स]

चीन अपनी **वैधानिक सेवानिवृत्ति आयु को धीरे-धीरे बढ़ाने** की योजना बना रहा है, जो वर्तमान में विश्व स्तर पर सबसे कम है, क्योंकि वह **पेंशन बजट घाटे का सामना कर रहा है।**

- चीन में पुरुषों के लिये **वर्तमान सेवानिवृत्ति आयु** 60 वर्ष है, महिलाओं (व्हाइट-कॉलर) के लिये 55 वर्ष तथा महिलाओं (कारखाना श्रमिक) के लिये 50 वर्ष है।

जनसांख्यिकीय परिवर्तन:

- चीन में **जीवन प्रत्याशा** वर्ष 1960 में लगभग 44 वर्ष से बढ़कर **वर्ष 2021 में 78 वर्ष** हो गई है तथा अनुमान है कि **वर्ष 2050 तक यह 80 वर्ष से अधिक हो जाएगी।**
- **60 वर्ष और उससे अधिक आयु की जनसंख्या वर्ष 2035 तक** 280 मिलियन से बढ़कर **400 मिलियन से अधिक होने की उम्मीद है।**
- प्रत्येक सेवानिवृत्त व्यक्ति का भरण-पोषण करने वाले श्रमिकों का अनुपात घट रहा है, जिसका **वर्ष 2030 तक 5-से-1 से घटकर 4-से-1** तथा वर्ष **2050 तक 2-से-1 हो जाने का अनुमान है।**
- भारत में केंद्र सरकार का पेंशन व्यय [बजट 2024-25] में लगभग **2.40 लाख करोड़** रुपए होने का अनुमान है, जो अनुमानित [सकल घरेलू उत्पाद] का 0.7% है।
  - इसके अतिरिक्त भारत की **राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली** एक कम लागत वाली, कर-कुशल सेवानिवृत्ति बचत खाता है जिसके अंतर्गत व्यक्ति और उसका नियोक्ता व्यक्ति की सामाजिक सुरक्षा/कल्याण के लिये उसके सेवानिवृत्ति खाते में सह-योगदान करते हैं।
  - इसी प्रकार **अटल पेंशन योजना** को वर्ष 2015 में गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये एक सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली बनाने हेतु शुरू किया गया था।

और पढ़ें...[राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अटल पेंशन योजना]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/china-to-raise-retirement-age